Mahatma Gandhi Shati Smarak Mahavidyalaya,

Garua Maksoodpur, Ghazipur

Workshop on Digital Literacy

दिनांक-10-02-2019 को डिजिटल साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र - छात्राओ को डिजिटल माध्यमों से अवगत कराने तथा उनका सुरक्षात्मक प्रयोग सिखाने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए ज्ञान का आदान-प्रदान किया। कॉलेज प्राचार्य डा. नितेश पांडे ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की सख्त आवश्यकता व्यक्त की क्योंकि यह कॉलेज स्तर पर छात्रों के लिए एक मजबूत नींव बनाने में मदद करता है। मुख्य वक्ता डा. अजय यादव ने बताया कि आज जब डिजिटल माध्यम हम सभी के दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा हो गए हैं, ऐसे में इन माध्यमों का सुरक्षित उपयोग नितांत आवश्यक हो गया है। ऑनलाइन माध्यमों से खरीदारी करते वक्त हमें विशेष रूप से चौकन्ना रहना चाहिए और सुरक्षा के दोहरे मानदंडों को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। कार्यशाला में बताया गया कि डिजिटल साक्षरता कौशल उन्हें और अधिक कुशल और आत्मविश्वासी बनाएगा। डिजिटल साक्षरता आज की शिक्षा प्रणाली में एक आवश्यकता है। इसके प्रयोग में सावधानी और विवेक की अत्यंत आवश्यकता है तभी हम इसके अधिकतम लाभों को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कैसे डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला छात्रों को 'डिजिटल इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में मदद करेगी। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डा. सुशील ने किया

प्राचार्य
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरुआ, मकसूदपुर-गाजीपुर